पंजाब केसरी 14/02/2024

कार्यशाला के मुख्य वक्ता ब्यूटीशियन हर्ष काकरान का स्वागत करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (पंकेस)

जी.एम.एन. कालेज में 'सौंदर्य और स्वास्थ्य पर करियर' विषय पर हुई कार्यशाला

अम्बाला, 13 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में, प्लेसमैंट सैल एवं फिजियोलॉजिकल संगठन, एन.सी.सी., वूमैन सैल, अपनी कैबस, एच.डी.एफ.सी बैंक, इंड्स कम्प्यूटर, रैडिकल क्रॉप साइंस एंड क्रॉप केयर पैस्टीसाइड्स प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 'सौंदर्य एवं स्वास्थ्य में करियर' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कालेज के एन.सी.सी. विभाग द्वारा महिला दिवस का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में मशहूर ब्यूटीशियन हर्ष काकरान ने मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। डा. अनुपमा सिहाग एवं डा. नियति ने मुख्य वक्ता का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी प्राध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सौंदर्य और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरुक करना है।

डा. दत्त ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला के आयोजन से विद्यार्थियों में कौशल और ज्ञान की प्रवृत्ति बढ़ती है। मुख्य वक्ता हर्ष काकरान ने बेहद सरल भाषा में विद्यार्थियों को सौंदर्य और स्वास्थ्य के क्षेत्र में करियर विकल्पों से अवगत करवाया। इस कार्यशाला में डा. अनुपमा सिहाग, डा. नियति, कमलेश कुमारी, डा. एस.एस. नैन, श्याम रहेजा, उदिता, जस्मिता, सुषमा, गुरप्रीत कौर एवं प्रियंका के साथ-साथ स्नातक के विद्यार्थी मौजूद रहे।